# कॉलेज बुलेटिन

सत्र 2019-2022

## शासकीय जे. योगानन्दम् छत्तीसगढ़ महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)




बैरन बाजार, रायपुर (छ.ग.) - 492001
www.cgcollege.org | Ph.: 0771 2427126

संपादक द्वय
डॉ. मंजुला उपाध्याय
डॉ. सुभद्रा राठौर


NATIONAL CADET CORPS
1 CG NAVAL UNIT NCC, RAIPUR
71st NCC DAY
1 CG NAVAL UNIT NCC, RAIPUR
71st NCC DAY


UNITY AND DISCIPLINE

## प्राचार्य की कलम से....




अपने गठन के पश्चात छत्तीसगढ़ राज्य ने विकास के बहुआयामी द्वारा खोले हैं। विकास का शिक्षा से प्रगाढ़ संबंध हैं और उच्च शिक्षा उसका बेहद महत्वपूर्ण पायदान है। यहां युवा पीढ़ी अपनी महत्वाकांक्षाओं की पूर्णता के मधुर स्वप्न बुनती हैं। हमारा महाविद्यालय अपने विद्यार्थियों को प्रत्येक दृष्टि से सक्षम बनाने कटिबद्ध है। यह अपनी सुव्यवस्थित - सुगठित - सुविचारित - उत्कृष्ट अध्ययन - अध्यापन पद्धति के लिए तो सुविख्यात है ही, साथ ही निरंतर साक्षी बनता है विविध गतिविधियों का भी, जिनसे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके।

- डॉ. अमिताभ बैनर्जी
प्राचार्य

## एक दिवसीय रक्तदान शिविर

समाज शास्त्र एवं समाजकार्य विभाग द्वारा एक दिवसीय रक्तदान शिविर मॉडल ब्लड बैंक रायपुर के सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अमिताभ बैनर्जी, विभागाध्यक्ष डॉ. प्रीति मिश्रा, एच.डी.एफ.सी. बैंक की ओर से श्री सुनील नागपाल, श्री प्रशांत खडौड़ (मॉडल बैंक) तथा डॉ. दुर्गेश वर्मा पूरी टीम के साथ उपस्थित रहे।
महाविद्यालय में विद्यार्थियों ने भी बहुत उत्साहपूर्वक इस शिविर में भाग लिया। इस शिविर में 64 यूनिट रक्तदान किया गया। विभाग के समस्त प्राध्यापकों के सक्रिय योगदान ने इस शिविर को सफल बनाया।





## कोविड टीकाकरण पर वेबिनार का आयोजन

महाविद्यालय में दिनांक 23 मई 2021 को वेबिनार का आयोजन किया गया। ''कोविड टीकाकरण : मिथक एवं सच्चाई '' विषय पर आयोजित वेबिनार में मुख्य वक्ता के रुप में डॉ. नीतू मंडावी (सहायक संचालक, छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी) उपस्थित थीं। वेबिनार की अध्यक्षता संस्था प्रमुख श्री डॉ. अमिताभ बैनर्जी ने की।

## ग्रंथालय - एक नज़र

महाविद्यालय का ग्रंथालय पर्याप्त पुस्तकों एवं पत्र-पत्रिकाओं के साथ सुसंपन्न है। इसमें 76000 से अधिक किताबें हैं। यहां 20 शोध पत्रिकाएं समाचार पत्र, हिन्दी अंग्रेजी पत्रिकाएं नियमित रूप से आ रही हैं। प्रतियोगी परीक्षा, खेल, स्वास्थ्य, सामाजिक, साहित्यिक एवं सम-सामयिक विषयों पर छात्रोपयोगी पत्रिकाओं के आमंत्रण से विद्यार्थियों को उनकी रुचि के अनुसार सामग्रियाँ ग्रंथालय में उपलब्ध हो जाती है। ग्रंथालय में INFLIBENT की N LIST connectivity है। जिसके अंतर्गत 6000 + E-Journals एवं e-books ऑनलाइन उपलब्ध है। निकट भविष्य में ग्रंथालय के ऑटोमेशन की प्रक्रिया प्रारंभ होने वाली है।

## युवा सप्ताह का अयोजन










महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत युवा सप्ताह का आयोजन किया गया । 12.01.20 से 19.01.20 तक युवा सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। युवा सप्ताह के अंतर्गत मुख्य अतिथि श्री चित्रसेन साहू (प्रोस्थेटिक लेग के सहारे आफ्रिका महाद्वीप की सबसे उंची चोटी पर चढ़ने वाले पहले भारतीय ) प्रेरणादायक उद्‌बोधन से लाभान्वित किया।

## राष्ट्रीय स्तर पर पुरुस्कृत NSS इकाई



1 दिसंबर 2019 को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ रेड रिबन क्लब का पुरुस्कार छत्तीसगढ़ महाविद्यालय ने प्राप्त किया।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस




21 जून 2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक एवं कार्यक्रम अधिकारी श्री सुनील तिवारी के मार्गदर्शन में ऑन लाईन अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।

# वेल्यु एडेड सर्टिफिकेट कोर्स

दिनांक 15.11.21 से 03.12.21 तक समाजशास्त्र एवं समाज कार्य विभाग द्वारा संकल्प सांस्कृतिक समिति के सहयोग से वेल्यु एडेड सर्टिफिकेट कोर्स सोशल वेल्यु पर 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
जिसमें संकल्प सांस्कृतिक समिति के श्री चुन्नीलाल शर्मा तथा विभाग के समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के दौरान सभी विद्यार्थियों को संकल्प संस्कृति समिति NGO का विजिट कराया गया, जिसमें छात्रों ने NGO की कार्यप्रणाली स्वरुप अवलोकन रिकार्ड कीपिंग तथा NGO द्वारा किये जाने वाले कार्यो के संदर्भ में जानकारी प्राप्त की।

# महाविद्यालय में वॉल मैग्जीन का संधारण

महाविद्यालय परिसर में वॉल मैग्जीन की व्यवस्था है, इसमें छात्र - छात्राओं की रचनाएँ, चित्रकला, स्लोगन, कविता, लघुकथा, कार्टून आदि प्रदर्शित किये जाते हैं। इसका संपादन, रख-रखाव एम. ए. हिन्दी साहित्यिक परिषद द्वारा किया जाता है।




## One Day Seminar on Gandhian Thought and Culture




A One-Day Multidisciplinary and bilingual National Seminar on Gandhian Thought and Culture was organised by the Department of PG and research studies in English at Govt J.Y. Chhattisgarh College, Raipur on January 7 2020. The inaugural session provided the foundation. Dr V.C. Sudheer Andhra University Vishakhapatnam was the keynote speaker. He discussed Gandhi as a writer. While Dr SZH Abidi Dean Faculty of Humanities and Social Sciences and Head, Department of Languages, of Integral University Lucknow, talked about the intertextuality of Gandhi, Dr Abha Pandey from Jabalpur showed the relevance of Gandhi in the present scenario. The Chief Guest Mr Lalit Surjan, Litterateur and Chief editor of Deshbandhu group of publications projected a true picture of Gandhi and urged the audience to read Gandhi's Autobiography by organising a series of sessions regularly. There were several parallel technical sessions after the inauguration in which the participants presented their papers. Under the umbrella theme, there were a number of sub-themes covering most of the aspects of Gandhism. The seminar offered fresh and important perspectives on his life, thoughts and culture The seminar got tremendous responses from all quarters and the registration numbers crossed 320. It was a unique seminar because the participants included teachers, professors, research scholars and students of undergraduate and postgraduate classes. It raised a vibrant discourse and the conclusion was 'There can be no tomorrow without Gandhi.'


# खेलो इंडिया युनिवर्सिटी गेम्स में महाविद्यालय की छात्राओं ने लिया भाग






खेलो इंडिया युनिवर्सिटी गेम्स 2020 ओडिशा में छत्तीसगढ़ महाविद्यालय की दो खिलाड़ियों ने पं. रवि.वि.वि., रायुपर टेनिस महिला टीम का प्रतिनिधित्व किया । दिनांक 22 फरवरी से 1 मार्च तक ओडिशा के भुवनेश्वर से आई.आई.टी. केम्पस में आयोजित पहले खेलो इंडिया युनिवर्सिटी गेम्स में पं. रवि.वि.वि की टेनिसि की महिला एवं पुरुष टीम एवं आर्चरी की पुरुष टीम ने क्वालीफाई किया था। महिला टेनिस टीम में छत्तीसगढ महाविद्यालय की साक्षी चुग एवं जान्हवी नेताम ने पं. रवि.वि.वि. का प्रतिनिधित्व किया। छत्तीसगढ महाविद्यालय के क्रीड़ाधिकारी रुपेन्द्र चौहान टीम के प्रशिक्षक के रुप में टीम के साथ थे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अमिताभ बैनर्जी ने खिलाड़ियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर शुभकामनांए दीं।

## भाषा व्यक्ति को गढ़ती है।










दिनांक 29.09.21 को हिन्दी पखवाड़े के अंतर्गत हिन्दी विभाग एवं साहित्यिक समिति के संयुक्त तत्वावधान में ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में डॉ. राजेश रावल, प्राध्यापक (सौराष्ट्र विश्वविद्यालय राजकोट, गुजरात) उपस्थित थे । कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख डॉ. अमिताभ बैनर्जी ने की। विषय प्रवर्तन डॉ. मंजुला उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुभद्रा राठौर एवं आभार प्रदर्शन डॉ. उर्मिला शुक्ला ने किया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये।

## प्रशासन की भूमिका पर व्याख्यान

लोक प्रशासन विभाग द्वारा प्रजेंटेशन स्किल को विकसित करने के लिए कोविड-19 (महामारी) काल में प्रशासन की भूमिका विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया।

विद्यार्थियों की क्षमता विकास के लिए ऑनलाइन सेमिनार आयोजित किया गया जिसमें सभी विद्यार्थियों ने अभिभावकों के समक्ष प्रस्तुतिकरण किया।





# NCC की गतिविधियाँ











महाविद्यालय के 12 नेवल NCC कैडेटों सहित अन्य महाविद्यालयों के 35 कैडेटों का दल लेकर महाविद्यालय के NCC अधिकारी सब. लेफ्टी डॉ. अनिल रामटेके केटीनेंट कमांडर के रुप में NCC कैम्प प्रथम (ग्वालियर) में सम्मिलित हुए।

26 जनवरी 2019 आर डी सी परेड नई दिल्ली में महाविद्यालय के B.Sc द्वितीय वर्ष के छात्र एवं नेवल NCC कैडेट नागेश्वर साहू सम्मिलित हुए एवं शिप मॉडलिंग में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ डायरेक्ट्रेट को प्रथम स्थान प्राप्त कराया, जिसके लिए उन्हे छत्तीसगढ़ का बेस्ट कैडेट अवार्ड प्रदान किया गया।

महाविद्यालय में 2019 वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कर एन.सी.सी. कैडेटों को प्रशिक्षित किया गया। कोविड-19 महामारी के प्रभाव के कारण यह शिविर पांच दिवसीय रहा।

कोविड-19 के लॉकडाउन के समय महाविद्यालय के एन.सी.सी. कैडेट एवं एन.सी.सी. अधिकारी ने जिला पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करते हुए ट्रेफिक मैनेजमेंट एवं राशन डिस्ट्रीब्यूशन में सहायता हेतु सम्मिलित हुए।




# सुदूर संवेदन एवं GIS पर कार्यशाला

दिनांक 1.12.22 से 16.12.22 तक 15 दिवसीय वेल्यू एडेड कोर्स का आयोजन भूगोल विभाग द्वारा किया गया। सुदूर संवेदन एवं GIS विषय पर कार्यशाला में 98 विधार्थियों एवं शोध छात्रों ने अपनी भागीदारी निभाई। इस कार्यशाला के दौरान विभिन्न विषय विशेषज्ञों के व्याख्यान से छात्र लाभान्वित हुए। कार्यशाला के अंत में विद्यार्थियों की परीक्षा लेकर उन्हे प्रमाण-पत्र वितरित किये गये। इस कार्यशाला में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बैनजी के साथ अनेक विषय विशेषज्ञों ने अपने विचारों से छात्रों को लाभान्वित किया।

# गणित दिवस का आयोजन








विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी महाविद्यालय में दो दिवसीय 21.01.21 एवं 22.01.21 गणित दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम में गणितीय प्रश्नोत्तरी परीक्षा , पोस्टर, भाषण, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । उद्घाटन समारोह में डॉ. आर.पी. पाठक (सेवा निवृत्त प्राध्यापक, गणित विभाग, राष्ट्रीय प्रोद्यौगिकी संस्थान रायपुर) ने Application of Fourier and Laplace Transform पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम के समापन समारोह में श्रीनिवास रामानुजन के जीवन पर आधारित लघु फिल्म दिखाई गई।

# रचनात्मकता की ओर प्रवृत्त करती "प्राची"

माहविद्यालयीन पत्रिका 'प्राची' केवल वार्षिक पत्रिका नही है, वरन संस्था का एक दर्पण भी है। छात्रों को रचनात्मक कौशल का एक मंच भी मिलता है। साहित्य की विभिन्न विधाओं के माध्यम से छात्र अपनी भावनाओं को लिपिबद्ध करते हैं और अपनी प्रतिभा को आकार देते हैं। उनके सारगर्भित सृजन प्राची की महत्ता को दर्शाते हैं।




# सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

समाज शास्त्र एवं समाज कार्य विभाग द्वारा 7 दिवसीय नशीली दवाओं एवं उनके उपयोग के रोकथाम पर शिविर आयोजित किया गया। संकल्प सांस्कृतिक समिति की संचालिका श्रीमती मनीषा शर्मा ने नशीली दवाओं एवं उनके उपयोग की रोकथाम, नशामुक्ति संबंधी जागरूकता पर विस्तार से जानकारी दी। यह शिविर 10.08.21 से 17.08.21 तक सम्पन्न किया गया।

# एड्स जागरूकता सप्ताह

मानव विज्ञान विभाग ने 1 से 7 दिसंबर 2022 तक एड्स जागरुकता सप्ताह के अंतर्गत एड्स के विभिन्न पक्षों की जानकारी विद्यार्थियों को दी। जिसमें लगभग 321 प्रतिभागी रहे । एड्स संबंधी जानकारी प्रदान करने में डॉ. संजय चंद्राकर, डॉ. नेहा टिकरिहा, डॉ. एस.के. वर्मा, डॉ. नम्रता दुबे, डॉ. मोना जैन, डॉ. नीरजा सेन आदि प्राध्यापकों का योगदान रहा।

# मानचित्र-कला विषय पर कार्यशाला





भूगोल विभाग द्वारा दिनांक 6.1.22 से 13.12.22 तक 7 दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में 54 विद्यार्थियों ने भाग लिया, कार्यशाला में मानचित्र का वैवर्धन एवं लघुकरण तकनीकी पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस कार्यशाला में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अभिताभ बैनर्जी के अलावा विभाग के समस्त प्राध्यापक एवं विभिन्न महाविद्यालयों के प्राध्यापक उपस्थित थे।

## Lecture Conducted on Energy Efficience in Modern Perspective





A Lecture on energy efficiency in Modern Perspective was organized by physics Department of Govt. J.Y. Chhattisgarh College at the college campus recent associate professor of university of Utah, salt lake cit in united states of America Dr sanjeev Rao Reddy was the keynote speaker at the programme

# डॉ. रमेन्द्रनाथ मिश्र ने दिया व्याख्यान



दिनांक 15 / 11 / 2021 को इतिहास विभाग के तत्वावधान में डॉ. रमेन्द्रनाथ मिश्र का व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें उन्होने छत्तीसगढ़ के प्राचीन इतिहास, राज्य स्थापना एवं छत्तीसगढ़ और ऐतिहासिक धरोहरों के संबंध में विचार एवं व्याख्यान से विघार्थियों का ज्ञानवर्धन किया गया ।

# दक्षिण कोसल की कल्चुरीकालीन मूर्तिकला पर व्याख्यान

प्राचीन भारतीय इतिहास के विभागीय कक्ष में पुरातत्वविद् प्रोफेसर श्री एस. डी. द्विवेदी का व्याख्यान दक्षिण कोसल की कल्चुरीकालीन मूर्तिकला पर रखा गया, जिसमें प्रो.द्विवेदी द्वारा कल्चुरीकालीन मूर्तिनिर्माण कला के विभिन्न पक्षों पर प्रकाश डाला गया | मूर्ति निर्माण में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न पाषाणों का भी उन्होंने व्याख्यान में उल्लेख किया |

# NCC गर्ल्स बटालियन को बेस्ट कैडेट अवार्ड








महाविघालय की NCC गर्ल्स बटालियन की NCC अधिकारी डॉ. अरुणा ठाकुर को बेस्ट कैडेट एवं एप्रिसिएशन अवार्ड प्रदान किया गया | महाविद्यालय में सशस्त्र सेना के कैरियर हेतु व्याख्यान एवं फायरिंग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया |

# एक राष्ट्र-एक चुनाव विधेयक पास




महाविद्यालय में विधि विभाग की ओर से युवा संसद कार्यक्रम रखा गया है | जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांसद की भूमिका निभाई | इस मौके पर चार विधेयक पास किये गये जिसमें 21 से 25 वर्ष के प्रत्येक युवा को एक वर्ष का अनिवार्य सैन्य प्रशिक्षण और सेवा, कक्षा पहली से आठवीं तक अनिवार्यतः उत्तीर्ण किये जाने की प्रक्रिया पर रोक और एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक ध्वनिमत से पारित हुये | इसके साथ वेक्सीनेशन प्रक्रिया की अनिवार्यता पर बल दिया गया | युवा संसद की अध्यक्षता लोक प्रशासन विभाग के प्राध्यापक डॉ. सुनील तिवारी ने की | कार्यक्रम का संचालन विधि-विभाग के प्राध्यापक डॉ. भूपेन्द्र करवंदे ने की | डॉ. विनीता अग्रवाल के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ |

# वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा ग्रीन ऑडिट

शासकीय जे योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा महाविद्यालय परिसर में उपस्थित पौधों का ग्रीन ऑडिट प्रतिवर्ष विषय विशेषज्ञों द्वारा करवाया जाता है | महाविद्यालय परिसर में अभी तक अधिकतम 180 प्रकार के पौधे जो कि लगभग 57 फैमिली से संबंधित रिकार्ड किए गए हैं | परिसर में फल वाले पौधे जैसे नींबू, काजू ,चीकू, बादाम, कटहल, आम, अमरुद, जामुन, आंवला, बेल, बेर, नारियल इत्यादि, औषधीय पौधे जैसे घृतकुमारी, गूगल, सर्पगंधा, अश्वगंधा, पत्थरचट्टा, शतमूली, नीम, सिंदूर, तुलसी, हल्दी, बसाक, बबूल आदि अनेक पौधे उपलब्ध है, कुछ कुछ पौधे ethnobotanically ( लोकवनस्पतिकी ) एवं non wood forest products ( गैर लकड़ी वन उत्पाद ) महत्व के हैं |इस तरह बहुत से उपयोगी पौधे, सजावटी पौधे, जंगली पौधे परिसर में उपस्थित हैं |

प्रतिवर्ष विभाग द्वारा विभिन्न अवसर पर वृक्षारोपण किया जाता है | इस कार्य में छात्र-छात्राओं की सहभागिता महत्वपूर्ण होती है |











# महाविद्यालय ने गठित किया हैप्पीनेस सेल

महाविद्यालयीन IQAC के द्वारा विद्यार्थियों के लिए हैप्पीनेस सेल का गठन किया गया है, जिसमें डॉ. पूर्णिमा मिश्रा संयोजक एवं डॉ. शिल्पी बोस, डॉ. अनिता जुनेजा, डॉ. अनामिका मोदी सदस्य हैं | यह समीति विद्यार्थियों की व्यक्तिगत, पारिवारिक, आर्थिक एवं मानसिक समस्याओं का निवारण करती है |

# महाविद्यालय के गौरव



मनहरन ठाकुर
अस्सिटेंट प्रोफेसर



विनीता परगनिहा
अस्सिटेंट प्रोफेसर



लक्ष्मीकांत करल
अस्सिटेंट प्रोफेसर



हेमन्त बंजारे
अस्सिटेंट प्रोफेसर



लेगन मिंज
अस्सिटेंट प्रोफेसर



मनीष दास मानिकपुरी
अस्सिटेंट प्रोफेसर



मनोज खलखो
अस्सिटेंट प्रोफेसर



बिनीका दुर्गम
जेआरएफ



मनीष नारंग
नेट



तारकेश्वर
नेट/जेआरएफ



अग्निश देव
जेआरएफ



मेघा साहू
सीजीपीएससी


अंर्तमहाविद्यालय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता


राष्ट्रीय सेवा योजना
शा. जे.यो. छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर
आपका हार्दिक स्वागत करता है।


रायपुर


छत्तीसगढ़ स्नातकोत्तर
रायपुर